हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि
बिलासपुर, शनिवार, 13 सितंबर 2025
अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती

तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 26. 0 डिग्री

4 देवी मंदिरों में नवरात्र की तैयारी जोरों पर



## खबर संक्षेप

### उपमुख्यमंत्री साव का आगमन आज, विभिन्न कार्यो का भूमि व लोकार्पण



**जांजगीर-चांपा।** प्रदेश के उपमुख्यमंत्री अरुण साव का शनिवार 13 सितंबर को जांजगीर चाम्पा जिले मे आगमन हो रहा है। वे यहां विभिन्न विकास कार्यो का लोकार्पण एवं भूमिपूजन करेंगे। तय कार्यक्रम के मुताबिक उपमुख्यमंत्री श्री साव का दोपहर दोपहर 2 बजे विश्राम गृह जांजगीर आगमन होगा। यहां से वे 3 बजे अटल परिसर जांजगीर पहुंचकर लोकार्पण व विभिन्न विकास कार्यो का लोकार्पण करेंगे। तत्पश्चात 4:30 बजे चांपा पहुंचेंगे और वहां अटल परिसर व विभिन्न विकास कार्यो का लोकार्पण व भूमिपूजन करेंगे। इसके बाद शाम 6 बजे सरस्वती शिशु मंदिर चांपा में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे।

### संघ लोक सेवा आयोग प्रारंभिक परीक्षा : 23 कर सकते है आवेदन

**जांजगीर-चांपा।** राज्य शासन के आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग रायपुर द्वारा संघ लोक सेवा आयोग की सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा वर्ष 2025 में सफल होने वाले अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के प्रदेश के अभ्यर्थियों को एक लाख की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास ने बताया कि संघ लोक सेवा आयोग की सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले जिले के पात्र अभ्यर्थी 23 सितम्बर तक आवेदन आमंत्रित किया गया है। पात्रता, शर्तें तथा आवेदन पत्र का प्रारूप विभाग की वेबसाइट से डाउनलोड किया जा सकता है। इच्छुक एवं पात्र अभ्यर्थी इस हेतु निर्धारित प्रपत्र में आवेदन पत्र आयुक्त, आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास, ब्लाक-डी, भूतल इन्द्रावती भवन नवा रायपुर अटल नगर छ.ग. में अंतिम तारीख तक जमा कर पावती प्राप्त कर सकते हैं।

### स्कूल के बाबू ने फांसी लगाकर की आत्महत्या, पंखे से लटका मिला शव

**जांजगीर-चांपा।** सरकारी स्कूल के बाबू ने फंासी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली है। बताया जा था है कि मृतक भिलोनी हाई सेकेंडरी स्कूल में बाबू पद पर कार्यरत था जो शराब का आदि था। जानकारी के अनुसार, मृतक रवि अम्बेडारे का परिवार महाराष्ट्र में रहते हैं जो सन 2016- 2017 से पामगढ के ग्राम भिलौनी हाई सेकेंडरी में पदस्त था। आज सबेरे उसका दोस्त सिदार मारकंडे जब मृतक के घर पहुंचे तो उनके होश ही उड़ गए। रवि अम्बेडारे का शव मोटा रस्सी से पंखे लटक रहा है, तब दोस्त ने तत्काल पामगढ़ पुलिस को सूचना दी। पामगढ़ पुलिस आत्महत्या कारणों का पता लगाने में जुट गई है। पामगढ़ पुलिस बारीकी से छानबीन कर रही है। पुलिस ने मृतक के परिवार वालों को सूचना दे दी है।

### जिले में 15 सितम्बर तक मनाया जा रहा बालिका सुरक्षा माह

**जांजगीर-चांपा।** कलेक्टर जन्मेजय महोबे के निर्देशानुसार एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती अनिता अग्रवाल के मार्गदर्शन में 14 अगस्त से 15 सितम्बर तक बालिका सुरक्षा माह के तहत भारत में बालिकाओं के लिए सुरक्षित और सक्षम वातावरण की दिशा में उनकी सुरक्षा के विषय पर बालिकाओं की सुरक्षा, अधिकारों की रक्षा एवं सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित करने हेतु जिले में व्यापक अभियान चलाया जा रहा है। जिला बाल संरक्षण अधिकारी गजेन्द्र सिंह जायसवाल ने बताया कि इसका उद्देश्य बालिकाओं की सुरक्षा, अधिकारों की रक्षा एवं उनके लिए सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित करना है।

---

जिला मुख्यालय पहुंचने से कई गुना अधिक पैसे लगते है कलेक्टोरेट, जिला अस्पताल व अन्य प्रमुख दफ्तर जाने में

# करोड़ों की सिटी बसें कबाड़, आम लोगों पर भारी पड़ रहा लोकल शहर का सफर

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

सिटी बस की सेवा जिले में चरमरा गई है। कोरोनाकाल से बंद हुई सिटी बस अब तक सड़क पर नही उतर सकी है। सस्ती और सुगम यातायात की व्यवस्था करते हुए राज्य शासन ने 10 साल पहले सिटी बस सेवा शुरू की थी। यहां 10 बसें आई थी, लेकिन बसें अब जहां तहां पड़े कबाड़ में तब्दील हो रही है। लोगों को आटो एवं निजी बसों में अधिक किराया चुकाकर सफर करना पड़ रहा है।

गौरतलब है कि जिला मुख्यालय जांजगीर से नवंबर 2015 में सिटी बस सेवा का शुभारंभ किया गया था। यहां 10 बसें आई थी और सभी बसों का परमिट कार्यालय सचिव क्षेत्रिय परिवहन पदाधिकारी द्वारा जारी किया गया था। इनमें से सिर्फ पांच बसों का संचालन हुआ। ऐसे में जिलेवासियों को सभी सिटी बसों का लाभ नहीं मिला। जिन मार्गों पर दो-दो बसें चलनी थी उन मार्गों पर एक-एक बस ही चलाया गया। इसके बाद रही सही कसर कोरोनाकाल ने निकाल दी। कोरोनाकाल के समय जो सिटी बस सेवा बंद हुई, वह आज तक पटरी पर नहीं आ सकी है। इतना ही नहीं शासन द्वारा करोड़ों की लागत से भेजी गई 10 सिटी बसों की हालत भी कंडम हो गई है। ये गाड़ियां जहां तहां खड़ी कबाड़ हो रही है। इन बसों के पहिये, इंजन और बैटरी गायब हो चुके हैं, शीशे टूट चुके हैं। ऐसे में जिला मुख्यालय पहुंचने वाले लोगों को नैला रेलवे स्टेशन, चांपा, कलेक्टोरेट, जिला पंचायत, जिला अस्पताल के अलावा अकलतरा, बलौदा, बाराद्वार क्षेत्र में सफर करने के लिए निजी बसों अथवा निजी आटो और चारपहिया वाहनों का सहारा लेना पड़ रहा है, जहां मनमाने तौर पर किराया वसूल किया जाता है। सबसे बड़ी समस्या किराया दर के निर्धारण नहीं होने की भी है। इसके अलावा प्रमुख जगहों पर अभी भी टैक्सी व आटो स्टैण्ड की सुविधा भी नहीं है। कुल मिलाकर सिटी बस सेवा बंद होने के बाद लोकल आने जाने वालों की परेशानी बढ. गई है।



नैला स्थित टर्मिनल में कबाड़ हो रही सिटी बस।

### जिला मुख्यालय में आटो वालों की चांदी

सबसे ज्यादा परेशानी जिला मुख्यालय जांजगीर में कलेक्टर कार्यालय, एसपी कार्यालय, जिला पंचायत, जिला न्यायालय, जिला अस्पताल, रोजगार कार्यालय, परिवहन कार्यालय आदि जगहों पर जाने में हो रही है। मजबूरी में लोगों को अधिक किराया देकर आटो में सफर करना पड़ रहा है। ग्रामीण क्षेत्र में रहने वाले लोग अपने कामकाज को लेकर जिला मुख्यालय जांजगीर पहुंचते हैं। विभिन्न सरकारी दफ्तरों में आने-जाने को लेकर सिटी बस सेवा की शुरुआत की गई थी ताकि लोगों को कम पैसे में आने जाने की सुविधा मिल सके। इधर सिटी बस बंद होने के बाद कामकाज के लिए शहर पहुंचे लोगों को मजबूरन मोटी रकम खर्च करके ऑटो एवं अन्य संसाधनों के माध्यम से विभिन्न कार्यालय पहुंचने की मजबूरी बनी रहती है। सिटी बस का संचालन जिस समय शुरू हुआ था उसे समय शहर सहित ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को बड़ी उम्मीदें बंधी थी की सिटी बस चलने के बाद उन्हें भी आने-जाने की सुविधा मिलेगी लेकिन ऐसा नहीं हो पा रहा है। लंबे समय से सिटी बस सेवा बंद होने के बाद लोगों की दिक्कतें बढ़ गई है। इसे लेकर जिम्मेदारों को कोई सरोकार तक नहीं है जिसका खामियाजा शहर सहित आसपास गांव के ग्रामीणों को भुगतना पड़ रहा है।

### कर रहे पत्राचार

सिटी बस संचालन के लिए शासन को पत्राचार किया गया है। इसके अलावा प्रमुख जगहों पर आटो बूथ और किराया दर निर्धारण को लेकर भी प्रशासन व पुलिस विभाग के सहयोग से भी पहल की जाएगी।

-विक्रांत भगत
सीएमओ, नपा जांजगीर नैला

---

# नशेड़ियों के खिलाफ पुलिस ने छेड़ी मुहिम, दर्जन भर को किया गिरफ्तार

## चांपा में सार्वजनिक स्थान पर शराबखोरी करने वालों पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

नशेड़ियों के खिलाफ पुलिस द्वारा इन दिनों सख्ती के साथ कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में चांपा पुलिस ने सार्वजनिक स्थान पर शराबखोरी करने वाले दर्जन भर आरोपियों को गिरफ्तार किया है। उनके खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

जिले में पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय द्वारा सभी थाना एवं चौकी प्रभारियों को आगामी त्यौहार के मद्देनजर क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने तथा असामाजिक तत्वों पर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। इसी तारतम्य में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कश्यप के मार्गदर्शन एवं एसडीओपी चाम्पा यदुमनी सिदार के नेतृत्व में थाना प्रभारी चांपा जयप्रकाश गुप्ता द्वारा गुरूवार 11 सितंबर को थाना चाम्पा से पुलिस टीम थाना क्षेत्र में रवाना किया गया था। रात में निकली टीम ने सार्वजनिक स्थल पर शराब पीने वालों की धरपकड़ शुरू की। इस दौरान 12 लोगों को सार्वजनिक स्थान पर मदिरापान करते पकड़ा गया। पकड़े गए आरोपियों में सरोज सिदार पिता गौरी लाल सिदार उम्र 38 वर्ष निवासी दतौद थाना जैजेपुर, गौतम सिदार पिता हरिशंकर सिदार उम्र 31 वर्ष निवासी नवरंगपुर जिला सक्ती, सालिक राम टंडन पिता रेशम लाल टंडन उम्र 31 वर्ष निवासी मोहरिया हरदी बाजार कोरबा, राकेश यादव पिता बट्टू लाल यादव उम्र 27 वर्ष निवासी वार्ड नंबर 26 जगदल्ला चांपा, भीम यादव पिता अशोक यादव उम्र 24 वर्ष निवासी नया बाराद्वार थाना बाराद्वार सक्ती, युगाश कारकेल उर्फ सोनू पिता गुलाबचंद उम्र 31 वर्ष निवासी वार्ड नंबर 10 शारदा चौक जांजगीर, सागर दास पिता भुवन दास उम्र 23 वर्ष निवासी खैरा चौकी नैला जांजगीर, कृष्णा महंत पिता महादेव महंत उम्र 31 वर्ष निवासी खैरा चौकी नैला जांजगीर, राम शंकर यादव पिता रामलाल यादव उम्र 30 वर्ष निवासी धाराशिव थाना नवागढ़, आनंद कंवर पिता गोपाल कंवर उम्र 24 वर्ष निवासी घटोली चौक चांपा, राजेंद्र सूर्यवंशी पिता नरोत्तम लाल सूर्यवंशी उम्र 24 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 15 घटोली चौक चांपा का नाम शामिल है। इस कार्रवाई में निरीक्षक जयप्रकाश गुप्ता थाना प्रभारी चाम्पा, उपनिरीक्षक बेलसज्जर लकड़ा प्रधान आरक्षक अमित सलूजा पुष्पलता साहू, शंकर राजपूत, सुमंत सिंह, जयउराव, भूपेंद्र राठौर का योगदान रहा।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

### भविष्य निधि के लंबित प्रकरणों का निराकरण करने 17 से 19 तक होगा शिविर का आयोजन

**जांजगीर-चांपा।** महालेखाकार रायपुर के द्वारा सामान्य भविष्य निधि के लंबित प्रकरणों का निराकरण करने हेतु 17 से 19 सितम्बर तक कुल 3 दिवस का जिला कोषालय जांजगीर में शिविर आयोजित किया जाएगा। वरिष्ठ कोषालय अधिकारी डॉ रूपेश पाठक ने बताया कि उपरोक्त संबंध में सर्व संबंधित आहरण एवं संवितरण अधिकारियो को जिला कोषालय द्वारा लंबित प्रकरणों की सूची सहित निराकरण हेतु सूचित किया गया है। इस हेतु संबंधित अभिदाता अपने आहरण एवं संवितरण अधिकारी के माध्यम से आवश्यक दस्तावेज सहित उपस्थित होकर निराकरण करा सकते है।

---

# टांगी मारकर हत्या करने के मामले में आजीवन कारावास

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा



■ दो साल पहले सक्ती थाना क्षेत्र के नवापाराकला की हुई थी घटना

टांगी मारकर हत्या करने के मामले में सुनवाई करते हुए माननीय न्यायालय ने आरोपी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। मामला सक्ती थाना क्षेत्र के नवापारा कला का है।

इस संबंध में न्यायालयीन सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार 29 मार्च 2023 को सक्ती पुलिस को डायल 112 के माध्यम से नवापाराकला में हत्या होने की सूचना मिली। इस पर तत्कालीन थाना प्रभारी अपने स्टाफ के साथ पहुंचे। जहां रामसिंह की टांगी मारकर हत्या कर दी गई थी। परिजनों एवं गवाहों से पूछताछ की तो पता चला कि 28 मार्च की शाम रामसिंह कंवर के साथ आरोपी लखन यादव एवं उसके भाई निर्मल यादव ने गाली गलौज की थी। इसके बाद दूसरे दिन रामसिंह कंवर अपने घर से निकलकर सरपंच पति के पास जा रहा था। इस दौरान कोटवार के घर के पास आरोपी लखन यादव एवं उसके भाई निर्मल यादव ने अवैध संबंध की बात को लेकर फिर से गाली गलौज करनी शुरू कर दी। इस दौरान उन्होंने रामसिंह को जमीन पर गिरा दिया और टांगी से संघातिक वार करके उसकी हत्या कर दी। मामले में ईश्वरी कंवर की रिपोर्ट पर पुलिस ने देहाती मर्ग कायम किया और जांच शुरू की। इस दौरान आरोपी निर्मल यादव मौके से फरार हो गया, जबकि लखन लाल को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। उसके विरूद्ध धारा 302, 34 कायम करके आरोप पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां संपूर्ण साक्ष्य एवं गवाहों के बयान से दोषसिद्ध पाए जाने पर विशेष न्यायाधीश एक्ट्रोसिटी सुनीता साहू ने आरोपी लखनलाल यादव पिता खोलबहरा यादव उम्र 36 वर्ष निवासी ग्राम नवापाराकला थाना सक्ती जिला सक्ती को भादवि की धारा 302 सहपठित धारा 34 के आरोप में आजीवन कारावास एवं 500 रुपए के अर्थदण्ड से दंडित किया। अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक एक्ट्रोसिटी धीरज शुक्ला ने पैरवी की।

### आदि कर्मयोगी सेवा अभियान: सह कार्यशाला का आयोजन

**जांजगीर-चांपा।** भारत सरकार जनजातीय कार्य मंत्रालय द्वारा जनजातीय वर्ग के सर्वांगीण विकास हेतु आदि कर्मयोगी अभियान प्रारभ किया गया है। जिसका उददेश्य जनजातीय समुदायों की सामाजिक आर्थिक स्थिति में सुधार लाना है विशेष रूप से जनजातीय बहुल ग्रामों में जनजातीय परिवारों को सभी आवश्यक सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करना है। सहायक आयुक्त ने बताया कि इस योजना के क्रियान्वयन हेतु जिले में 21 ग्रामों का चयन भारत सरकार द्वारा किया गया है। चयनित ग्रामों में बुनियादी आवश्यकताओं से संबंधित अधोसंरचना का निर्माण 25 विभिन्न घटकों के माध्यम से क्रियान्वयन किया जाएगा।

---

# महुआ शराब बिक्री पर रोक लगाने महिलाएं पहुंची कलेक्टोरेट

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

गांव में महुआ शराब बिक्री पर सख्त रोक लगाने की मांग को लेकर चंगोरी गांव की महिलाएं कलेक्टोरेट पहुंची। उन्होंने प्रशासन के साथ पुलिस के अफसरों से नशे के कारोबारियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की।

शुक्रवार 12 सितंबर को कलेक्टोरेट पहुंची महिलाओं ने मुख्य गेट के सामने जमकर नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। उनका कहना था कि उनके गांव में कुछ लोग खुलेआम महुआ शराब बनाकर बेच रहे है। जिससे गांव का पूरा माहौल खराब हो रहा है। बड़े तो दूर युवा और किशोर उम्र के लोग भी इसकी चपेट में आ रहे है। उन्होंने बताया कि जनजागरूकता अभियान चलाते हुए गांव की महिलाओं ने नशे के इन कारोबारियों के विरूद्ध अभियान छेड़ा। तीन दिन पहले बड़ी मात्रा में महुआ लहान और महुआ शराब का जखीरा पकड़ा गया। इसकी सूचना पुलिस और आबकारी विभाग को दी गई, जिस पर उनके द्वारा जब्ती की कार्रवाई भी बनाई गई। ग्रामीण महिलाओं ने आरोप लगाया कि इस कार्रवाई में शराब बनाने वाले मुख्य आरोपी को छोड़ दिया गया। जिससे उससे हौसले और बुलंद हो गए है। उन्होंने ऐसे लोगों पर सख्ती के साथ कार्रवाई करने की मांग की है।




कलेक्टोरेट के मुख्य गेट के सामने पहुंची महिलाओं की भीड़।

---

# बगैर लायसेंस के एलोपैथिक औषधि बिक्री के लिए रखने वाले आरोपी को तीन साल की सजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

**खास बात**
- विशेष न्यायाधीश औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम का फैसला
- 1 लाख रुपए के अर्थदंड से भी किया दंडित

बिना किसी वैध लायसेंस के एलोपैथिक औषधि को बिक्री की नियम से रखने के मामले में सुनवाई करते हुए विशेष न्यायाधीश ने आरोपी को तीन वर्ष सश्रम कारावास एवं 1 लाख रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई है।

लोक अभियोजक संदीप सिंह बनाफर ने बताया कि 25 मई 2019 को चांपा केराझरिया छठ घाट के पास लछनपुर में सहायक औद्यधि नियंत्रण की टीम ने शारदा मेडिकल स्टोर्स में जांच की थी। जांच में पहुंचे सहायक औषधि नियंत्रक प्रीतम ओग्रे, औषधि निरीक्षक सुमित सिंह परिहार और नेहा मिंज ने विधिवत निरीक्षण किया। इस दौरान उसके घर से एलोपैथिक औषधियां पाई कई। जिसका पंचनामा करके जब्ती बनाई गई। तत्पश्चात प्रक्रियाओं का पालन करते हुए उसके विरूद्ध औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम के तहत मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट जांजगीर के न्यायालय में परिवाद पत्र प्रस्तुत किया। जिसकी सुनवाई के दौरान संपूर्ण अभियोजन साक्षियों के बयान लिए गए। साक्षियों के बयान के विशलेषण उपरांत विशेष न्यायाधीश शक्ति सिंह राजपूत ने आरोपी बजरंग साहू पिता मनहरण साहू उम्र 45 वर्ष निवासी केराझरिया छठ घाट लछनपुर चांपा को धारा 18 सी सहपठित धारा 27 (बी) (2) औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम 1940 के तहत 3 वर्ष सश्रम कारावास एवं 1 लाख रुपए के अर्थदंड से दंडित किया। वहीं अर्थदंड नहीं पटाने पर 1 वर्ष का सश्रम कारावास पृथक से भुगताए जाने का आदेश दिया है। प्रकरण में अभियोजन पक्ष की ओर से लोक अभियोजक संदीप सिंह बनाफर ने पैरवी की।

---

## महिला आयोग की अध्यक्ष ने की विभिन्न प्रकरणों की सुनवाई

# महिला उत्पीड़न, आयोग के समक्ष प्रभारी प्राचार्य को मांगनी पड़ी माफी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक ने कलेक्ट्रोरेट सभाकक्ष जांजगीर में महिला उत्पीड़न से संबंधित प्रस्तुत प्रकरणों पर जनसुनवाई की। इस दौरान स्कूल में महिला उत्पीड़न संबंधी प्रकरण की सुनवाई हुई तो आयोग के समक्ष प्रभारी प्राचार्य ने अनावेदिका से माफी मांगी। इस पर भविष्य में इस तरह की शिकायत नहीं मिलने की चेतावनी के साथ प्रकरण का निराकरण किया गया।

शुक्रवार 12 सितंबर को छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक की अध्यक्षता में प्रदेश स्तर पर 343 वीं व जांजगीर जिले में 12 वीं सुनवाई हुई। इस दौरान महिला आयोग की सदस्य श्रीमती सरला कोसरिया उपस्थित थी। सुनवाई के दौरान दो पक्षकारों के मध्य पारिवारिक संपत्ति के बटवारे का प्रकरण तहसील अकलतरा से निराकरण हो चुका है मौके पर सीमांकन और अपने जमीन का चिन्हांकन कराना शेष है, इस हेतु दोनो को समझाइश दिया गया। दोनो की आपसी रजामंदी से जमीन का बटवारा करने के साथ निराकरण करते हुए प्रकरण को नस्तीबद्ध किया गया। अन्य प्रकरण में दोनों पक्षों के मध्य अब तक हुए समस्त शिकायतों एवं विवादों को विस्तार से सुना गया दोनों पक्षों को समझाइश दिया गया। इस पर अनावेदक प्रभारी प्राचार्य ने आयोग के समक्ष आवेदिका से माफी मांगा। इस पर आवेदिका ने अपनी सहमति दिया गया और यह मांग रखी है कि भविष्य में आवेदिका के साथ दोबारा अपमानजनक कथनो का प्रयोग अनावेदक के द्वारा नहीं किया जावेगा। इस प्रकरण को नस्तीबद्ध किया गया। लेकिन भविष्य में इस विषय के पुनरावृत्ति न हों इस हेतु स्कूल शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव को पत्र भेजा जायेगा कि दोनो का स्थानांतरित कर दिया जाये। अन्य प्रकरण में प्रकरण आवेदिका अनुपस्थित आवेदिका ने अनावेदक के खिलाफ पुलिस में शिकायत किया था उसकी जांच हुई है। जहां आवेदिका ने अपने ही आरोपों को निराधार बताया है। इस पर उप पुलिस अधीक्षक का प्रतिवेदन अनावेदक ने प्रस्तुत किया है। जिसमे आवेदिका की कथन भी संलग्न है उसके हस्ताक्षर का मिलान आवेदन से किया गया। उक्त आधार पर प्रकरण नस्तीबद्ध किया गया।




प्रकरणों की सुनवाई करती राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष नायक।

---

# प्रतिष्ठा इंफ्राकान इंडिया लिमिटेड के फरार 2 शेयर होल्डर आए पकड़ में

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

चिटफंड कंपनियों द्वारा रकम दुगुना करने के झांसे में आम लोगों से धोखाधड़ी करने वाले प्रतिष्ठा इंफ्राकॉन इंडिया लिमिटेड के फरार 2 शेयरहोल्डर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पांडेय के निर्देशन और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कुमार कश्यप के मार्गदर्शन में नगर पुलिस अधीक्षक कविता ठाकुर के नेतृत्व में थाना प्रभारी जांजगीर एवं शिवरीनारायण, निरीक्षक मणिकांत पांडेय और प्रवीण कुमार द्विवेदी की टीम ने आरोपी भैरव मिश्रा उर्फ मोगली उम्र 40 वर्ष निवासी नहारियाबाबा रोड, जांजगीर, चांद मोहम्मद खान उम्र 37 वर्ष निवासी बीटीआई चौक जांजगीर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि वर्ष 2015 और 2021 में थाना सिटी कोतवाली जांजगीर में चिटफंड कंपनियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया गया था। कंपनी ने लोगों को 1 साल में रकम दोगुना करने का लालच देकर प्रतिमाह किस्त जमा कराई थी। लेकिन परिपक्वता अवधि पूरी होने पर कंपनी ऑफिस बंद कर संचालक फरार हो गए। पहले ही इस प्रकरण में रामगोपाल गढेवाल, नारायण प्रसाद झलरिया, मनहरण लाल केंवट, संजीव गुहा, अमित सरकार और सुभायन बनर्जी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा जा चुका है।

## खबर संक्षेप

### श्रीमद् भागवत कथा श्रवण करने बड़ी संख्या में पहुंच रहे श्रद्धालु



**जांजगीर-चांपा।** नगर के वार्ड नंबर-5 स्थित बसई वाल परिवार द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत कथा का श्रवण करने बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे है। श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ 8 सितंबर को भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ। वहीं समापन 14 सितंबर होगा। ब्यास आचार्य राम लखन शास्त्री द्वारा कथा महात्म्य, आत्मदेव प्रसंग, महाभारत प्रसंग, 8 सितंबर सोमवार कपिल गीता,शिव चरित्र और भरत चरित्र, 9 सितंबर मंगलवार को जड़ भरत चरित्र, अजामिल प्रसंग, प्रह्लाद चरित्र, नृसिंह अवतार, 10 सितम्बर बुधवार को गजेन्द्र मोक्ष, समुंद्र मंथन,वामन अवतार,श्रीराम कथा, श्रीकृष्ण प्राकट्य उत्सव होगा। 11 सितंबर गुरुवार को श्रीकृष्ण बाल लीला, मथुरा गमन,कंस वध, श्रीकृष्ण रुक्मिणी विवाह उत्सव , 12 सितंबर शुक्रवार को भगवान श्रीकृष्ण के अन्य विवाह ,राजसूय यज्ञ, सुदामा चरित्र की कथा सुनाई। वहीं 13 सितंबर शनिवार को उद्घव गीता , भगवान श्रीकृष्ण का स्वधाम गमन एवं 14 सितंबर परिक्षित मोक्ष के साथ कथा महापुराण का समापन होगा।

### बच्चों को पिलाई गई आयरन व विटामिन की सिरप



**गोधना।** आदर्श ग्राम गोधना में शिशु संरक्षण माह के मौके पर बच्चों के लिए स्वास्थ्य सुरक्षा कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें छोटे बच्चों को आयरन सिरप और विटामिन सिरप पिलाया गया। साथ ही नियमित टीकाकरण किया गया और इम्युनिटी पावर की गोली भी खिलाई गई।स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं ने इस दौरान अभिभावकों को बच्चों की देखभाल से जुड़ी अहम बातें बताईं। गोधना सेक्शन की आरएचओ उषा रानी मिस्त्री ने पूरे कार्यक्रम का संचालन किया और ग्रामीणों को शिशु संरक्षण के महत्व के बारे में जागरूक किया।

### शिक्षा रत्न सम्मान से सम्मानित हुई रजिया अंजुम शेख



**चांपा।** प्रकृति शिक्षण विज्ञान यात्रा छत्तीसगढ़ द्वारा राज्य अलंकरण 2025 का भव्य आयोजन 8 सितम्बर को प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन अकादमिक भवन राखी मोड़ (चरमुड़िया), कुरूद, धमतरी में किया गया। इस अवसर पर शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार, प्रकृति संरक्षण, विज्ञान प्रचार-प्रसार, स्वच्छता, स्वास्थ्य, कला, संस्कृति, समाज सेवा, महिला सशक्तिकरण, रूढ़िवाद उन्मूलन, अंधविश्वास निर्मूलन एवं जन-जागरूकता जैसे क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले 100 से अधिक शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं समाजसेवकों तथा 10 बाल वैज्ञानिक छात्रों का सम्मान किया गया। इस दौरान विशेष अतिथि पद्मश्री अजय मंडावी, मुख्य अतिथि डॉ. हित नारायण टंडन सहायक प्राध्यापक, प्राणी विज्ञान विभागाध्यक्ष गुरु घासीदास शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कुरूद, अभिषेक शुक्ला, नीरज वर्मा इसरो साइंस एक्टिविस्ट, महाराष्ट्र द्वारा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुरदा चांपा में पदस्थ शिक्षिका श्रीमती रजिया अंजुम शेख को शिक्षा रत्न सम्मान से सम्मानित किया गया। अतिथियों ने उन्हें मोमेंटो, मेडल और प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन समीक्षा गायकवाड़ एवं कुमार मण्डावी ने किया।

### शक्ति उपासना का पर्व 22 से, जगमगाएंगे आस्था के ज्योत

# देवी मंदिरों में नवरात्र की तैयारी जोरों पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

शक्ति उपासना का पर्व शारदीय नवरात्रि सोमवार 22 सितंबर से हो प्रारंभ हो रहा है। इसके साथ ही देवी मंदिरों में आस्था के दीप जगमगाएंगे। पर्व को लेकर देवी मंदिरों में तैयारियां प्रारंभ हो गई है। मंदिरों का रंग रोगन किया जा रहा है। ज्योति कलश कक्ष को भी तैयार किया जा रहा है। इसके अलावा जगह-जगह आकर्षक पंडालों में भी दुर्गा की प्रतिमा स्थापित की जाएगी। पर्व को लेकर नगर में आम जनता में काफी उत्साह देखा जा रहा है।

शारदीय नवरात्रि में मां शक्ति के 9 स्वरूपों की की पूजा होती है। श्रद्धालु बड़ी संख्या में मनोकामना दीप प्रज्जवलित करते हैं, जिसके लिए समिति के लोग रसीद काटने में जुट गए हैं। भक्त तेल ज्योति एवं घृत ज्योति के लिए भक्त रसीद कटवा रहे हैं। नवरात्रि में पूरे नौ दिनों तक अंचल में माहौल भक्तिपूर्ण रहेगा। इसके लिए चंद्रपुर की चंद्रहासिनी, शिवरीनारायण की अन्नपूर्णा खोखरा की मनकादाई, हरदी की महामाया, मदनपुरगढ़ की मनकादाई मंदिर सहित जिले के सभी देवी मंदिरों में लिपाई-पुताई का काम चल रहा है। वहीं समिति के सदस्य ज्योति कलश के लिए रसीद बुक लेकर श्रद्धालुओं से संपर्क कर रहे हैं। चंद्रपुर स्थित मां चंद्रहासिनी के दरबार में भी नवरात्र में आस्था के दीप प्रज्जवलित किए जाएंगे और भक्तों की कतार लगेगी। यहां भक्त लोट मारते हुए पहुंचेंगे। इसी प्रकार शिवनीनारायण की अन्नपूर्णा माता पर भी श्रद्धालुओं की अटूट आस्था है। श्रद्धालु बड़ी संख्या में मनोकामना दीप प्रज्जवलित कराते है। महामाया मंदिर हरदी, खोखरा स्थित मां मनकादाई मंदिर में मनोकामना ज्योतिलश प्रज्वलित किए जाएंगे। इधर दुर्गोत्सव समितियों द्वारा पंडालों में दुर्गा की प्रतिमा स्थापित की जाएगी और घट स्थापना के साथ ही मनोकामना ज्योति कलश प्रज्जवलित किए जाएंगे।



महंत में विराजी मां चण्डीदाई।

### चण्डी दाई मंदिर महंत में धार्मिक अनुष्ठानों के साथ प्रज्जवलित होगा मनोकामना ज्योति कलश

सिद्ध शक्ति पीठ चण्डी दाई तीरथ धाम ग्राम महंत में आदिकाल से अपने 9 रूपों में साक्षात विराजित श्री चण्डी दाई के मंदिर में शारदीय क्वांर नवरात्रि महापर्व के अवसर पर 22 सितंबर से 1 अक्टूबर तक 10 दिवसीय महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर परंपरानुसार लोक कल्याणार्थ जगत जननी श्री चंडिका देवी की विशेष आराधना ,विधि विधान से पूजा अर्चना ,श्री दुर्गा सप्तशती पाठ सहित श्रद्धालुओं के लिए मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलित किए जायेंगे इस हेतु मंदिर परिसर में सेवा मंडल के सदस्यों द्वारा व्यापक तैयारी प्रारंभ कर दी है,जिसके अंतर्गत विशाल मंदिर परिसर की साफ सफाई ,रंग रोगन ,ज्योति कलशों में गेरू मिट्टी लेपन ,बिजली ,पानी की व्यवस्था को सुव्यवस्थित किया जा रहा है । सर्वविदित है श्री चण्डी दाई के दर्शन हेतु दूर दूर से एवं विदेशों में भी जाकर रहने वाले श्रद्धालुजन आते हैं एवं अपनी मनोकामना पूरी करते हैं। ग्राम महंत के बंधवा सरोवर के पार में विराजित श्री चण्डी दाई की असीम कृपा अंचल वासियों एवं भक्तजनों पर हमेशा बरसती रहती है जिससे समाज के सभी जाती ,धर्म के लोगों श्रद्धा, आस्था एवं विश्वास के साथ मंदिर पधारकर मनोवांछित फल प्राप्त करते हैं मंदिर में पुराणों में निहित समस्त धार्मिक एवं सनातनी परम्परा का निर्वहन एवं पुरातन ग्राम बैगा पद्धति की आराधनाओं को समाहित किया जाता है जिस हेतु ग्राम के 12 बैगाओं की मंडली , आचार्य एवं पुरोहित नवरात्रि पर्व में मंदिर परिसर में ही कल्प वास के रूप रहते हुए समस्त धार्मिक अनुष्ठान ,मनोकामना ज्योति कलशों के सेवा करते हैं एवं नवरात्रि नवमी तिथि को होने वाले ज्वारा विसर्जन उपरांत ही अपने अपने निवास स्थान के लिए प्रस्थान करते हैं। शारदीय नवरात्रि महापर्व का शुभारंभ क्वांर शुक्ल पक्ष प्रतिपदा 22 सितंबर सोमवार को नीयत समय 11.36 से 12.24 के मध्य घट स्थापना उपरांत समस्त मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलन से होगा। ग्रामवासियों द्वारा अंचल के समस्त जन मानस को नवरात्रि महापर्व में सिद्ध शक्ति चण्डी दाई के दर्शन हेतु पधारने का अनुरोध किया गया है।

### देवी दाई मंदिर में साफ-सफाई के साथ चल रहा रंग-रोगन



देवी दाई मंदिर में शारदीय नवरात्रि की तैयारी प्रारंभ हो गई है। यहां नवरात्र पर्व के अवसर पर मां की एक झलक पाने दूर-दूर से श्रद्धालुगण पहुंचते हैं। हिंदू सनातन धर्म के मुख्य व्रत-त्योहारों में से एक नवरात्रि को विशेष त्योहार माना जाता है। इस वर्ष शारदीय नवरात्रि सोमवार 22 सितम्बर से प्रारंभ हो रही है। नवरात्र में अष्टमी और नवमी तिथि का विशेष महत्व माना जाता है। इस तारतम्य में जिला मुख्यालय जांजगीर के विशाल भीमा तालाब के किनारे विराजी मां भगवती देवी दाई मंदिर में शारदीय नवरात्रि की तैयारी प्रारंभ हो गयी है। मंदिर के मुख्य पुजारी पंडित सुदीप उपाध्याय ने बताया कि प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी मां भगवती देवी मंदिर में नवरात्रि की तैयारी जोरो पर है। घट स्थापना अभिजीत मुहूर्त के साथ नवरात्र प्रारम्भ होगा। मंदिर परिसर को साफ-सफाई कर रंग-रोगन किया जा रहा हैं। इस वर्ष मंदिर के चारो तरफ को आकर्षक लाईटे व झालरो से सजाया जा जायेगा। गौरतलब हैं कि नवरात्रि के दोनो पर्व पर भक्तगण दूर-दूर से मां देवी दाई का दर्शन करने पहुंचते है। उन्होनें बताया कि इस वर्ष भी पिछले वर्ष की तरह सैकड़ों की संख्या में ज्योति कलश प्रज्जवलित किया जा रहा है। जिसका रसीद कटना माह भार पहले से शुरू कर दी गयी। मां के भक्त जो है अपनी मनोकामना पूर्ण करने के लिए आस्था के ज्योत जलवाते है। 9 दिनों तक चलने वाले नवरात्र महापर्व में अत्यंत भक्तिमय माहौल जांजगीर के पुरानी बस्ती में देखने को मिलता हैं।



संकुल समन्वयकों को जानकारी देते जिला मिशन समन्वयक श्री तिवारी।

# बच्चों को भोजन परोसने से पहले स्वयं चखकर करें परीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

■ जिला मिशन समन्वयक ने संकुल समन्वयकों की समीक्षा बैठक में सावधानी व सुरक्षा बरतने दिये निर्देश

समग्र शिक्षा अंतर्गत उत्कृष्ट जांजगीर योजना एवं अन्य विभागीय योजनाओं की समीक्षा हेतु जिले के समस्त संकुल समन्वयकों की दो पाली में सेजेस जांजगीर क्र.-1 में समीक्षा बैठक आयोजित की गयी।

जिला मिशन समन्वयक राजकुमार तिवारी ने बताया कि बैठक में शालाओं में मध्यान्ह भोजन योजना, अपार आई.डी. निर्माण, यू-डाइस प्रविष्ट, शाला अनुदान राशि, एनएमएमएसई छात्रवृत्ति एवं नवोदय विद्यालय भर्ती परीक्षा की तैयारी, पाठ्यपुस्तक वितरण, गणवेश वितरण, एक पेड़ मां के नाम, मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता, छत्तीसगढ़ रजत जयंती महोत्सव, स्वच्छ एवं हरित विद्यालय, निर्माण कार्य, शाला अधोसंरचना, शाला निरीक्षण आदि विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु विस्तृत चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिये गये। साथ ही समस्त शासकीय विद्यालयों, छात्रावास, आंगनबाड़ी केन्द्रों में परोसे जाने वाले भोजन में सावधानी व सुरक्षा बरतने संबंधित मुख्य बिन्दुओं का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गये। उन्होंने कहा कि शासन के निर्देशानुसार शाला प्रमुख एवं रसोईयों द्वारा भोजन परोसने से पहले स्वयं चखकर परीक्षण करने तथा ''टेस्टिंग रजिस्टर'' का संधारण कर प्रतिदिन हस्ताक्षर कर प्रमाणित करने सहित किसी भी स्थिति में लापरवाही या चूक होने पर संबंधित संस्था प्रधान व्यक्तिगत रूप से जिम्मेदार होंगे साथ ही गंभीर घटना घटित होने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इसके अतिरिक्त रसोई एवं भंडारण स्वच्छता, निरीक्षण एवं जवाबदेही, सुरक्षा एवं प्रवेश, प्रशिक्षण एवं जागरूकता, चिकित्सा तैयारी, समुदाय एवं अभिभावक सहभागिता तथा नियमित ऑडिट करने के निर्देश दिए गए। बैठक में एपीसी हरीराम जायसवाल, दिनेश सोनवान, हेमलता शर्मा, अंजना सिंह, प्रोग्रामर रज्जन मिश्रा, आशुतोष चौबे, लोकनाथ श्रीवास, ग्रेड-2, एवं समस्त बीआरसी, सहित जिले के संकुल समन्वयक उपस्थित थे।



बैठक में उपस्थित मारवाड़ी युवा मंच के पदाधिकारी व सदस्य।

# मारवाड़ी युवा मंच करेगा भव्य दशहरा का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

■ सांस्कृतिक कार्यक्रमों का होगा आयोजन, बुधवारी बाजार ग्राउंड में होगा रावण के पुतले का दहन

नगर के सांस्कृतिक और धार्मिक आयोजनों में विशेष पहचान रखने वाला मारवाड़ी युवा मंच सक्ती इस बार भी दशहरा पर्व को भव्य रूप से मनाने की तैयारी में जुट गया है। आगामी 2 अक्टूबर को बुधवारी बाजार ग्राउंड में रावण के पुतले का दहन किया जाएगा। कार्यक्रम में हजारों लोगों के शामिल होने की संभावना जताई जा रही है।

आयोजन की तैयारी को लेकर मारवाड़ी युवा मंच की बैठक हुई। बैठक में चर्चा उपरांत कार्यक्रम की रुपरेखा तैयार की गई। मंच के पदाधिकारियों ने बताया कि दशहरा महोत्सव के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम, भजन, नृत्य और नाट्य प्रस्तुति भी आयोजित की जाएगी, जो नगरवासियों के लिए खास आकर्षण रहेगा। बच्चों और युवाओं को मंच पर अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर भी मिलेगा। इस आयोजन में नगर पालिका अध्यक्ष श्याम सुंदर अग्रवाल का विशेष सहयोग रहेगा। उन्होंने कहा कि “दशहरा बुराई पर अच्छाई की जीत का पर्व है। सक्ती में इस परंपरा को पुनर्जीवित करने का प्रयास सराहनीय है। नगर पालिका की ओर से इस आयोजन को हर संभव सहयोग प्रदान किया जाएगा। मंच के अध्यक्ष मनीष कथूरिया ने बताया कि मारवाड़ी युवा मंच पूर्व में भी रावण दहन का सफल आयोजन कर चुका है। इस बार हमारा उद्देश्य न सिर्फ रावण दहन करना है बल्कि नगर की जनता को सांस्कृतिक और सामाजिक रूप से जोड़ना भी है। हम चाहते हैं कि सक्ती की दशहरा परंपरा फिर से जीवंत और यादगार बने। आयोजन समिति का कहना है कि दशहरा पर्व केवल बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक ही नहीं, बल्कि समाज को जोड़ने और सांस्कृतिक मूल्यों को आगे बढ़ाने का माध्यम भी है। आयोजकों ने सक्ती सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से भी अधिक से अधिक लोगों से शामिल होकर इस महोत्सव को सफल बनाने की अपील की है। बैठक में मारवाड़ी युवा मंच के संरक्षक श्याम सुंदर अग्रवाल, कन्हैया गोयल कार्यकम संयोजक सुधीर सराफ अध्यक्ष मनीष कथूरिया कोषाध्यक्ष राकेश अग्रवाल, रवि अग्रवाल, मानस अग्रवाल,मुकेश अग्रवाल, गज्जू डालमिया, अनुराग जिंदल,राजीव अग्रवाल, सुमित शर्मा,रितेश अग्रवाल, आलोक अग्रवाल,गोपाल मित्तल शामिल रहे।

### पीएम श्री विद्यालयों में होगा संगीत प्रशिक्षक एवं अंशकालीन योग प्रशिक्षण

**जांजगीर-चांपा।** जिले के 10 पीएम श्री विद्यालयों पीएमश्री शा.प्राथ.शा. कापन, शा. कन्या प्राथ.शा. बलौदा, शा.जन.प्राथ.शा. नवगवां, शा.प्राथ.शा. बरपाली चांपा, शा.प्राथ.शा. लखुर्री, शा.प्राथ.शा. मिसदा, शा.प्राथ.शा. भाठापारा नवागढ़, शा.प्राथ.शा. बारगांव, पीएमश्री स्कूल सेजेस क्र.-1 एवं पीएमश्री स्कूल सेजेस बलौदा में मानदेय पर संगीत प्रशिक्षक एवं अंशकालीन योग प्रशिक्षण, खेल शिक्षक, प्रशिक्षकों हेतु आवेदन 22 सितम्बर तक आमंत्रित किया गया है। जिला मिशन समन्वयक समग्र शिक्षा ने बताया कि संबंधित प्रशिक्षकों को प्रति माह 10 हजार रुपये एकमुश्त पारिश्रमिक प्रदान किया जाएगा। योग, खेल शिक्षक, प्रशिक्षक हेतु न्यूनतम योग्यता स्नातक शारीरिक शिक्षा डिग्री अथवा योग शिक्षा संबंधित क्षेत्र में स्नातक डिग्री निर्धारित की गई है।

# रजत जयंती के अवसर पर छात्र-छात्राओं ने निकाली रैली

हरिभूमि न्यूज ⏭ पामगढ़

■ डॉ भीमराव अंबेडकर महाविद्यालय में मनाया गया रजत जयंती

डॉ भीमराव अंबेडकर शासकीय महाविद्यालय पामगढ़ में छत्तीसगढ़ के 25 वर्ष पूर्ण होने पर रजत जयंती समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं द्वारा पोस्टर व रैली के माध्यम से छत्तीसगढ़ के उपलब्धियां तथा राज्य को सुघर व समृद्ध साली बनाने के लिए लोगों को संदेश दिया गया। जिसमें सभी संकाय के छात्र-छात्राओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर डॉ एस आर महेंद्र ने बताया कि छत्तीसगढ़ इन 25 वर्षों में विकास की नई ऊंचाइयों पर पहुंचा है, हम सब मिलकर छत्तीसगढ़ की तरक्की में अपना योगदान दें। डॉक्टर श्वेता जैन ने अपने उद्बोधन में बताया की छत्तीसगढ़ की लोक संगीत लोक कला छत्तीसगढ़ की परंपरा संस्कृति पूरे देश भर में प्रसिद्ध है। छात्र-छात्राओं में कुमारी अंजू साहू, कुमारी नीलू खरे, श्री निलेश तथा भीमेश्वर ने अपने-अपने विचार व्यक्त किया। पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें कुमारी देवीका प्रधान, कुमारी रागिनी दीवार, नीलू खरे, करीना गोयल, चंद्रकला का योगदान सराहनीय रहा। छत्तीसगढ़ का सामान्य ज्ञान विषय पर प्रश्न मंच कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें सभी संकाय के 80 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। इस अवसर पर महाविद्यालय के डॉक्टर आशीष तिवारी, श्रीमती संतोषी उरांव, श्रीमती चांदनी छाबड़ा, आर एस विश्वकर्मा, विक्रम सिंह आजाद, सूर्यकांत जयदेव, कुमारी तरीका नायक, कुमारी अंकिता व छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।




रैली निकालते छात्र-छात्राएं एवं महाविद्यालय स्टाफ।

# हॉयर सेकेंडरी स्कूल अमोरा में मनाया गया विश्व बंधुत्व दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

शासकीय हॉयर सेकेंडरी स्कूल अमोरा में विश्व बंधुत्व दिवस का आयोजन विवेकानंद केन्द्र कन्याकुमारी छत्तीसगढ़ विभाग के प्रमुख टिकेश्वर कौशिक के मुख्य आतिथ्य में किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए टिकेश्वर कौशिक ने कहा कि 11 सितंबर 1893 को संयुक्त राज्य अमेरिका के शिकागो में आयोजित अंतरराष्ट्रीय धर्म सम्मेलन मे भारत और हिंदू धर्म का प्रतिनिधित्व करते हुए स्वामी विवेकानंद ने कहा था कि भारतीय संस्कृति और सभ्यता के महान ऋषि परंपरा से आए महान आर्यभट्ट ,महान वाराह मिरिह महान शिक्षक चाणक्य, सुश्रुत जैसे अलौकिक प्रचंड विद्वान के धरती पर जन्मे भारत भूमि से आया हूं जहां हमारे यहां धर्म को कर्तव्य मानते हैं। उन्होंने इस ऐतिहासिक भाषण में भारत की संस्कृति और आध्यात्मिक छवि को बदल दिया था। प्राचार्य आशीष कुमार मिश्रा ने बताया कि विवेकानंद के गुरु महान तपस्वी तेजस्वी रामकृष्ण परमहंस जी ने कहा था कि भगवान सभी मनुष्य दिन दुखियों सभी गरीब पिछड़ों में समाहित है और इनकी सेवा करना ही सबसे बड़ी सेवा है । मानव सेवा ही नारायण सेवा है। व्याख्याता नवल किशोर पांडेय ने कहा कि विवेकानंद हमारे प्रेरणाश्रोत व्यक्तित्व हैं। वे कहते थे कि धर्म इति धैर्य इति । अध्ययन अध्यापन के साथ सबसे बड़ी होती है। चरित्र निर्माण और चरित्र स्वच्छ और साफ सुथरा होता है तो मनुष्य को आजीवन याद रखा जाता है। कार्यक्रम का संचालन प्रधान पाठक जयंत सिंह क्षत्रिय एवं आभार प्रदर्शन शाला के व्याख्याता श्रीमती आशा शर्मा ने किया। शाला के व्याख्याता पूर्बल देवांगन,श्रीमती मीना राय, सुलेखा आदिले, गायत्री कुर्रे, कार्यक्रम अधिकारी संजय कुमार यादव सहित शाला के स्टाफ स्वयंसेवक, स्काउट एवं गाइड छात्र छात्राएं उपस्थित थे।



कार्यक्रम को संबोधित करते अतिथि।

### आमजनों को मुहैया कराया जा रहा सिजेरियन आपरेशन की सुविधा

# तीन वर्षों में मातृत्व एवं शिशु अस्पताल में हुए 800 आपरेशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती




जिला में मुख्यालय स्थित सीएचसी परिसर में 50 बिस्तर मातृत्व एवं शिशु अस्पताल भवन संचालित है जिसमें राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के दिशा निर्देशानुसार मातृत्व स्वास्थ्य व्यस्था हेतु जटिल प्रसव के लिए ऑपरेशन थियेटर संचालित है, जिसमें सिजेरियन आपरेशन की सुविधा आमजनों को मुहैया कराया जाता है।

वर्ष 2022 के दिसंबर माह से अब तक सफल 568 सिजेरियन आपरेशन, 10 जटिल गर्भाशय ऑपरेशन,350 महिला नसबंदी इस 50 बिस्तर मातृत्व एवं शिशु अस्पताल में कराया जा चुका है। इसी भवन में माइनर ओटी को नेत्र सर्जरी हेतु आई ओटी में रूपांतरित किया गया है जहां वर्ष 2023 से नेत्र रोग विशेषज्ञ चिकित्सक कार्यरत होते हुए आज दिनांक तक लगभग 80 सफल मोतियाबिंद सर्जरी तथा अन्य नेत्र सर्जरी कर चुके है। सीएचसी भवन के अभाव में 50 बिस्तर मातृत्व एवं शिशु अस्पताल भवन में हमर लैब, आपातकालीन चिकित्सा कक्ष, आई वार्ड, सामान्य मरीज जनरल वार्ड महिला एवं पुरुष, गहन चिकित्सा वार्ड , जिला वेक्सीन भंडार ,सिविल सर्जन कार्यालय ,मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय संचालित हैं साथ ही इस भवन में सखी सेंटर का भी संचालन किया जा रहा है। ऐसे में उक्त 50 बिस्तर मातृत्व एवं शिशु अस्पताल भवन में मातृत्व एवं शिशु स्वास्थ्य से संबंधित के साथ साथ सामान्य मरीज तथा नेत्र रोग संबंधित मरीज, अस्थि रोग संबंधित मरीज, मेडिसिन विशेषज्ञ चिकित्सक से संबंधित मरीज, तथा इनके परिजनों का लगातार आना जाना बना रहता है। विगत कुछ माह से यहां सिजेरियन आपरेशन तथा मोतियाबिंद सर्जरी की सुविधा बाधित है। बताया जाता है कि यहां पदस्थ विशेषज्ञ चिकित्सक सर्जन अवकाश पर है। विशेषज्ञ चिकित्सक सर्जनो के अवकाश से वापस ड्यूटी ज्वाइन करने उपरांत पुनः आपरेशन शुरु कर दिया जाएगा। वर्तमान में दोनों आपरेशन थियेटर को सफाई एवं संक्रमण से मुक्त रखा गया है। इन आपरेशन थियेटर में संक्रमण न हो इसका पूरा खयाल रखते हुए इन्हें आइसोलेटेड रखे गए है, जहां आमजनों का प्रवेश प्रतिबंधित है।




